## प्रादेशिक समाचार एकांश
## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**18.45 रविवार** **दिनांक 26.07.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर सपूतों का स्मरण किया—कैच द रेन अभियान के तहत कोरबा में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का किया उल्लेख।**
- **छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज मनाया जा रहा है कारगिल विजय दिवस।**
- **केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण किया।**
- **केन्द्र सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा— अनुचित साधन रोकथाम— संशोधन विधेयक—दो हजार छब्बीस पेश करेगी।**

### <u>मन की बात—01</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयां छू रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, करगिल विजय दिवस के वीर सैनिकों का स्मरण करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है।

**आज 'कारगिल विजय दिवस' है। ये दिन हमें गर्व से भर देता है। ये दिन हमें अपने वीर जवानों के अद्भुत साहस की याद दिलाता है। कारगिल की ऊंची—ऊंची चोटियाँ, कठिन मौसम, दुश्मन की चुनौती, हर परिस्थिति हमारे सैनिकों के सामने थी, लेकिन उनका हौंसला हर चुनौती से बड़ा था। उन्होंने माँ भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। आज 'कारगिल विजय दिवस' पर मैं सभी वीर शहीदों और वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ।**

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में कैच द रेन अभियान का जिक्र करते हुए छत्तीसगढ़ के कोरबा में जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दिशा में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का भी उल्लेख किया गया।

**कैच द रेन का संदेश बहुत सीधा है — जब बारिश गिरे, जब बारिश गिरे, पानी को वहीं सहेजिए, इसलिए 04 जुलाई से देश—भर में एक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत बारिश के पानी के संचयन, ग्राउंड वाटर रिचार्ज, पुराने जल—स्त्रोतों के पुनर्जीवन और वृक्षारोपण को नई गति दी जा रही है। मुझे बहुत खुशी है कि गाँव हों या शहर, पंचायतें हों या सामाजिक संस्थाएं हर जगह लोगों ने बढ़—चढ़कर भागीदारी की है।छत्तीसगढ़ के कोरबा, ओडिशा के भुवनेश्वर और आंध्र—प्रदेश के विजयनगरम — इस अभियान के उत्साहजनक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।**

### <u>मन की बात—02</u>

देशभर् में सात अगस्त को 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये दिन देश के बुनकरों के कौशल और रचनात्मकता के सम्मान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने पन्द्रह अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के बारे में बात की। श्री मोदी ने सभी से हमेशा की तरह पन्द्रह अगस्त से पहले मॉय जीओवी पोर्टल पर अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

### <u>मन की बात—मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के फाफाडीह स्थित दया भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बार—बार छत्तीसगढ़ का उल्लेख किया जाना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री ने 'कैच द रेन' अभियान के तहत कोरबा में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाएगी।

**कारगिल विजय दिवस**

कारगिल विजय दिवस आज देषभर में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उन्नीस सौ निन्यानवे के कारगिल युद्ध में देष की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। यह दिन ऑपरेषन विजय की सफल और कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करगिल विजय दिवस पर मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक स्मृति साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली मध्य भारत एरिया मुख्यालय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया के सहयोग से आयोजित की गई। रैली रायपुर से शुरू होकर नवा रायपुर की सेंध झील तक पहुंची। इसमें सौ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों में सेना के अधिकारी और जवान, पूर्व सैनिक, महिलाएं, युवा और बच्चे शामिल थे। सभी ने साइकिल चलाकर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और देशभक्ति तथा एकता का संदेश दिया।

**शिक्षा मंत्री–पदभार**

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का पदभार ग्रहण किया। श्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कल ही श्री जोशी की नियुक्त इस पद पर हुई थी। वे उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालयों का प्रभार भी संभालते रहेंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभिन्न योजनाओं और प्रमुख कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का आंकलन करने के लिए शिक्षा मंत्रालय की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री जोशी ने कहा कि वे मंत्रालय की कार्यप्रणाली, नीतियों और जारी कार्यक्रमों की व्यापक समझ के लिए बैठकें कर रहे हैं। यह बड़ा और महत्वपूर्ण विभाग है और उनकी प्राथमिकता शिक्षा मंत्रालय के कार्यों को पूरी तरह से समझना है, ताकि वे कार्यक्रमों को आगे बढ़ा सकें और नई पहल लागू कर सकें।

**लोक परीक्षा–संशोधन विधेयक**

केन्द्र सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा– अनुचित साधन रोकथाम– संशोधन विधेयक–दो हजार छब्बीस पेश करेगी। यह विधेयक सोमवार के लिए लोकसभा की कार्यसूची में शामिल है। इसका उद्देश्य लोक परीक्षा–अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम–दो हजार चौबीस में संशोधन करना है।

**आकाशीय बिजली–मौत**

कोरबा जिले के कटघोरा से लगे सलोरा छुरी गांव में खेत में काम कर रहे तीन ग्रामीणों की आकाषीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पच्चीस से तीस ग्रामीण छुरी बकरा बाजार सब–स्टेषन के पीछे स्थित खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान मौसम बदल गया और खेत की मेढ़ पर सीधे आकाषीय बिजली आकर गिरी, जिसकी चपेट में तीन ग्रामीण आ गए। उधर, कोरिया जिले के बैकुंठपुर में आकाषीय बिजली गिरने से खेत मे काम कर रहीं छह महिलाएं झुलस गई हैं। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है। इधर, सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के बिनिया गांव में भी खेत में धान की रोपाई के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सात वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

**टामन सिंह सोनवानी–गिरफ्तार**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी भर्ती मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार किया है। ईडी ने उन्हें रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें सात दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया है। इससे पहले, इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई भी टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले की जांच जारी है।

**ईडी–छापा**

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी और आयकर विभाग की टीम ने बलौदाबाजार में पीतल उद्योग से जुड़े कारोबारी राजकुमार सराफ के घर और अन्य ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की। इसके तहत अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

**नशा–संपत्ति फ्रीज**

धमतरी पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब पैंतीस लाख पचासी हजार रुपये की अवैध संपत्ति फ्रीज की है। यह कार्रवाई एन.डी.पी.एस. और सेफेमा कानून के तहत की गई है। पुलिस के अनुसार, जांच में दो मामलों में आरोपियों के बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, वाहन और अन्य संपत्तियों की जांच की गई। पुलिस का कहना है कि आगे भी नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

**राज्यपाल–पर्यावरण अभियान**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन के लिए आयोजित राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया। नौ अगस्त तक चलने वाली यह यात्रा छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन के प्रति जन–जागरूकता का संदेश देते हुए जबलपुर पहुंचेगी।

**पार्षद शपथ ग्रहण**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुंगेली जिले के पथरिया नगर पंचायत में मनोनीत पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार पथरिया के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने नगर में मांगलिक भवन, मुक्तिधाम और नगर पंचायत के सभा कक्ष के निर्माण के लिए तीन करोड़ सोलह लाख रुपये मंजूर करने की घोषणा की।

**हॉकी प्रतियोगिता**

जशपुर जिले के एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आज से छब्बीसवीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता उनतीस जुलाई तक चलेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभागों के दो सौ चालीस खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पष्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पष्चिम बंगाल तथा उत्तरी ओडिषा के तट पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से अगले दो दिनों तक प्रदेष के अधिकांष स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी से अति भारी बारिष होने की चेतावनी दी गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>